# सुबह शाम जपो पावन शिव का नाम

भव बंधन से मुक्ति हो, सब बन जायेगे काम,
सुबह शाम भक्तो जपो पावन शिव का नाम......

शिव भक्ति के नाम भरा जो पीता अमृत प्याला है,
कृपा मिलती भोले की बाबा तो दीन दयाला है....-2
शिव जी की लीला न्यारी शम्भु है बड़े महान,
सुबह शाम भक्तो जपो पावन शिव का नाम॥

शिव के नाम के सुमिरन से मुक्ति का द्वारा खुल जाए,
सोची ना हो जीवन में खुशियां इतनी ही मिल जाए.....-2
तुम्हे पूजे ब्रह्मा विष्णु और पूजे प्रभु श्री राम,
सुबह शाम भक्तो जपो पावन शिव का नाम॥

मन के मनको से दिल राती फेरे जो शिव माला है,
खुश हो जाते पलभर में जिसके मन शिव का शिवाला है....-2
फिर माँग लो शिव से कुछ भी भोले देगे वरदान,
सुबह शाम भक्तो जपो पावन शिव का नाम॥

ॐ नमः शिवाय का जो जाप दिल से करता है,
मोह माया से मुक्त हो सुख की गागर फिर भरता है....-2
ये मंत्र जाप है ऐसा हो जाता है कल्याण,
सुबह शाम भक्तो जपो पावन शिव का नाम॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25050/title/subah-shaam-japo-paawan-shiv-ka-naam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |